# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
**U.P. POWER CORPORATION LIMITED**
**(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)**
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ
CIN : U32201UP1999SGC024928

**संख्या–1616–ज0श0 प्र0सु0 एवं प्रशि0/पाकालि/2023–02–प्र0सु0/2003 टी0सी0–IV, दिनाँक२५.07.2023**

## कार्यालय ज्ञाप

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–900–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2019–02–प्र0सु0/2003 टी0सी0-IV, दिनांक 23.09.2019 में सूचना प्रौद्योगिकी (आई0टी0) संवर्ग के गठन तथा वैद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग के पदों से सूचना प्रौद्योगिकी (आई0टी0) संवर्ग में पदों के अंतरण से सम्बन्धित प्राविधानित व्यवस्था को यथावत् रखते हुये एतद्द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी संरचना को **अनुलग्नक–01** के अनुसार तथा इसके कार्यो के सापेक्ष पदों को निम्नवत् तालिकाओं के अनुसार पुनर्निर्धारित किया जाता है :–

### उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 (मुख्यालय)
### (तालिका–1)

| Sr. No. | Description | Director (IT) | CE (IT) | SE (IT) | EE (IT) | AE (IT) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Enterprise Resource Planning (ERP) | | | 1 | 5 | 12 |
| 2 | Customer Facing Applications (RMS etc.) | | | 1 | 6 | 12 |
| 3 | Network and Infra | | | 1 | 3 | 6 |
| 4 | Web Applications, Portal and Mobility | 1 | 1 | 1 | 3 | 12 |
| 5 | Cyber Security | | | 1 | 2 | 5 |
| 6 | Operational Technology (DT-Modem, RT-DAS, GIS etc.) | | | 1 | 4 | 6 |
| 7 | Attached to CE (IT), UPPCL | | | 0 | 1 | 0 |
| | **Total** | **1** | **1** | **6** | **24** | **53** |

### पूर्वान्चल/मध्यांचल/दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0 (मुख्यालय)
### (तालिका–2)

| Sr. No. | Description | EE (IT) | AE(IT) |
|---|---|---|---|
| 1 | Enterprise Resource Planning (ERP) | 1 | 1 |
| 2 | Customer Facing Applications (RMS etc.) | 1 | 1 |
| 3 | Network and Infra | 1 | 1 |
| 4 | Cyber Security | 1 | 1 |
| 5 | Operational Technology (DT-Modem, RT-DAS, GIS etc.) | 1 | 1 |
| | **Total** | **5** | **5** |
| | **Grand Total for 3 Discoms** | **15** | **15** |

### पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 (मुख्यालय)
### (तालिका–3)

| Sr. No. | Description | EE (IT) | AE(IT) |
|---|---|---|---|
| 1 | Enterprise Resource Planning (ERP) | 1 | 1 |
| 2 | Customer Facing Applications (RMS etc.) | 1 | 1 |
| 3 | Network and Infra | 1 | 1 |
| 4 | Cyber Security | 1 | 1 |
| 5 | Operational Technology (DT-Modem, RT-DAS, GIS etc.) | 1 | 1 |
| 6 | DC/DR Operation and Maintenance | 1 | 2 |
| | **Total** | **6** | **7** |

## कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लि0
## (तालिका–4)

| Sr. No. | Description | EE (IT) | AE(IT) |
|---|---|---|---|
| 1 | Enterprise Resource Planning (ERP), Customer Facing Applications (RMS etc.) | 1 | 1 |
| 3 | Network and Infra, Cyber Security | 1 | 1 |
| | Operational Technology (DT-Modem, RT-DAS, GIS etc.) | 1 | 1 |
| **Total** | | **3** | **3** |

## क्षेत्रीय कार्यालय
## (तालिका–5)

| Sr. No. | Description | AE(IT) |
|---|---|---|
| 1 | Network and Infra, Cyber Security, Operational Technology (DT-Modem, RT-DAS, GIS etc.) | 1 |
| 2 | Enterprise Resource Planning (ERP), Customer Facing Applications (RMS etc.) | 1 |
| | **Grand Total (24 Zones)** | **48** |

**2.** उपरोक्तानुसार सूचना प्रौद्योगिकी (आई0टी0) संरचना में पदों के निर्धारण के फलस्वरूप कार्यालय ज्ञाप संख्या–900–ज0श0 एवं प्र0सु0–01, दिनांक 23.09.2019 द्वारा कारपोरेशन मुख्यालय हेतु आवंटित निदेशक (आई0टी0) के 01 पद, मुख्य अभियन्ता के 01 पद के अतिरिक्त कारपोरेशन मुख्यालय एवं वितरण निगमों/केस्को के अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता के पद निम्नवत् तालिका के अनुसार हो जायेंगे :–

| Sr. No. | Units | SE (IT) | | | EE (IT) | | | AE (IT)* | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Earlier Sanctioned Strenth | Difference | New Sanctioned Strenth | Earlier Sanctioned Strenth | Difference | New Sanctioned Strenth | Earlier Sanctioned Strenth | Difference | New Sanctioned Strenth |
| 1. | UPPCL | 2 | +4 | 6 | 5 | +19 | 24 | 21 | +32 | 53 |
| 2. | PuVVNL | 1 | -1 | - | 10 | -5 | 5 | 26 | -9 | 17 |
| 3. | MVVNL | 1 | -1 | - | 11 | -6 | 5 | 25 | -8 | 17 |
| 4. | DVVNL | 1 | -1 | - | 10 | -5 | 5 | 26 | -9 | 17 |
| 5. | PVVNL | 1 | -1 | - | 11 | -5 | 6 | 25 | -6 | 19 |
| 6. | KESCO | - | - | - | 1 | +2 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| **Total** | | **6** | **0** | **6** | **48** | **0** | **48** | **126** | **0** | **126** |
| *AE (IT) for Zonal Office is inculded in respective discoms | | | | | | | | | | |

**3.** उपरोक्त सूचना प्रौद्योगिकी (आई0टी0) संरचना के कार्मिकों का नियंत्रण निम्नानुसार होगा :–

**(i)** सूचना प्रौद्योगिकी (IT) संरचना में कार्यरत अधिकारियों के स्थानान्तरण के अधिकार यथावत् रहेगें।

**(ii)** उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 (मुख्यालय) के कार्मिकों का नियंत्रण निदेशक (आई0टी0) का होगा।

**(iii)** वितरण निगम मुख्यालय/केस्को एवं क्षेत्रीय कार्यालय के कार्मिकों का नियंत्रण सम्बन्धित निगम के निदेशक (वाणिज्य) का होगा।

**4.** कार्यालय ज्ञाप संख्या–900–ज0श0 एवं प्र0सु0–01, दिनांक 23.09.2019 द्वारा प्रदान की गयी आई0टी0 संवर्ग के गठन की स्वीकृति के अनुक्रम में आई0टी0 संवर्ग हेतु अर्हता/भर्ती/वेतन एवं भत्ते/परिवीक्षा/प्रशिक्षण/स्थायीकरण एवं ज्येष्ठता/प्रोन्नति इत्यादि से सम्बन्धित विनियमावली के प्रख्यापन के उपरान्त, वैद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग में भर्ती किये गये अभियन्ता अधिकारियों को आई0टी0 संवर्ग में सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में निम्नवत् प्रक्रिया अपनायी जायेगी :–

**(i)** वैद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग के सभी पदों (सहायक अभियन्ता एवं उच्च पदों) पर कार्यरत कम्प्यूटर विज्ञान या सूचना प्रौद्योगिकी या कम्प्यूटर विज्ञान अथवा सूचना प्रौद्योगिकी के युग्म में स्नातक/परास्नातक अभियन्ताओं से आई0टी0 संवर्ग में सम्मिलित होने अथवा वैद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग में बने रहने हेतु एक बार विकल्प प्राप्त किया जायेगा तथा एक बार विकल्प प्रयोग करने के उपरान्त किसी भी दशा में संवर्ग परिवर्तन पर विचार नहीं किया जायेगा।

(ii) उपरोक्त बिन्दु-(i) में उल्लिखित प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त आई0टी0 संवर्ग के प्रत्येक पद पर उपलब्ध अभियन्ताओं की संख्या प्राप्त हो जायेगी। तत्पश्चात् आई0टी0 संवर्ग के सीधी भर्ती के शेष रिक्त पदों को भर्ती प्रक्रिया से तथा प्रोन्नत के पदों को प्रोन्नत के माध्यम से भरा जाये।

(iii) आई0टी0 संवर्ग में भर्ती का बिन्दु एकल सहायक अभियन्ता का होगा, जिसकी अर्हता कम्प्यूटर विज्ञान या सूचना प्रौद्योगिकी या कम्प्यूटर विज्ञान अथवा सूचना प्रौद्योगिकी के युग्म में स्नातक डिग्री होगी।

**5.** आई0टी0 संवर्ग के अभियन्ताओं की तैनाती निम्नवत् बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए की जायेगी :-

(i) नवनियुक्त सहायक अभियन्ता (आई0टी0) की तैनाती अनिवार्य रूप से प्रारम्भिक दो वर्ष की अवधि हेतु (प्रशिक्षण अवधि को छोड़कर) उपखण्ड अधिकारी के रूप में की जायेगी।

(ii) उपखण्ड अधिकारी के रूप से 02 वर्ष की सेवाकाल पूर्ण होने के उपरान्त इन अभियन्ता अधिकारियों की तैनाती सहायक अभियन्ता (आई0टी0) के पद पर की जायेगी।

(iii) अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0) से अधीक्षण अभियन्ता एवं तदुपरि मुख्य अभियन्ता के पद पर प्रोन्नति होने पर इन आई0टी0 अभियन्ताओं की आई0टी0 संवर्ग में रहते हुये वैद्युत एवं यांत्रिक हेतु निर्धारित पदों पर तैनाती वितरण/पारेषण निगम में आवश्यकतानुसार प्रबन्धन द्वारा की जा सकती है।

**निदेशक मण्डल,**
**उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0**

**संख्या-1616(i)-ज0श0 एवं प्र0सु0-01/पाकालि/2023, तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-


1. अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक, पूर्वान्चल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 एवं केस्को वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ/कानपुर।
4. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0पा0का0लि0, एस0एल0डी0सी0 परिसर, गोमती नगर, लखनऊ।
6. समस्त मुख्य अभियन्ता/महाप्रबन्धक (औद्योगिक सम्बन्ध), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
7. अपर सचिव (प्रथम/तृतीय), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. अपर सचिव (द्वितीय), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को आई0टी0 संवर्ग की विनियमावली प्रख्यापन के उपरान्त वैद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग में भर्ती किये गये अभियन्ता अधिकारियों को विकल्प प्राप्त कर आई0टी0 संवर्ग में सम्मिलित किये जाने/आई0टी0 संवर्ग के अभियन्ताओं की तैनाती किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. विधि अधिकारी, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
10. समस्त संयुक्त सचिव/अधीक्षण अभियंता/उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन), उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।
11. संयुक्त सचिव (काविनी एवं विनियम), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को आई0टी0 संवर्ग की विनियमावली प्रख्यापन करने हेतु प्रेषित।
12. कम्पनी सचिव, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ को निदेशक मण्डल की दिनांक 16.06.2023 को सम्पन्न 192वीं बैठक की मद संख्या-192(21) द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में।
13. समस्त उप सचिव/अनु सचिव, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
14. लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा)/(आय-व्ययक)/(निधि/प्रशासन) एवं (सम्प्रेक्षा), उ0प्र0पा0का0लि0।
15. समस्त अधिकारी/शिविर/अनुभाग, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार।
16. अधिशासी अभियन्ता (वेब), शक्ति भवन लखनऊ को उ0प्र0पा0का0लि0 की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

**आज्ञा से,**

**(मृगांक शेखर दाश भट्टमिश्र)**
**निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)**

संख्या–1616–ज0श0 प्र0सु0 एवं प्रशि0/पाकालि/2023–02–प्र0सु0/2003 टी0सी0–IV, दिनांक २५.07.2023 का अनुलग्नक–01

## उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 (मुख्यालय) हेतु सूचना प्रौद्योगिकी (आई0टी0) संरचना




## वितरण निगम/केस्को मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय हेतु सूचना प्रौद्योगिकी (आई0टी0) संरचना

